कार्यपत्र

विषय : हिंदी

कक्षा : चौथी

नाम : ------------

ग्रेड :

अनुक्रमांक :

तिथि :

१. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखे

बॉबी छह साल का नटखट बालक था। वह अपनी माँ और बड़े भाई जॉनी के साथ रहता था। अपनी उम्र के बाकी बच्चों की तरह उसे भी भी क्रिकेट खेलना और साइकिल चलाना अच्छा लगता था। एक दिन की बात है। बॉबी नहा धोकर स्कूल जाने के लिए तैयार हुआ। वह रसोई में माँ की मदद करने के लिए पहुँचा। उसने देखा कि माँ रोज़ की तरह गैस के सामने खड़े होकर नाश्ता नहीं बना रही, बल्कि खाने की मेज के साथ कुरसी लगाकर बैठकर रेडियो पर खबरें सुन रही है।

प्र०क) बॉबी की उम्र क्या थी?

उ० ------------------------------------------------

प्र०ख) बॉबी किसके साथ रहता था?

उ० ------------------------------------------------

प्र०ग) बॉबी को क्या अच्छा लगता था?

उ० ------------------------------------------------

प्र०घ) बॉबी नहा धो कर कहाँ जाने के लिए तैयार हुआ?

उ० ------------------------------------------------

प्र०ङ) वाक्य बनाओ -

उ० रेडियो - ------------------------------------------

------------------------------------------------

२ नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित करो :-

क) मैं आज बहुत खुश हूँ।

ख) तुम यहाँ क्या कर रहे हो?

ग) इसे मेज़ पर रख दो।

घ) उस डिब्बे में क्या है?

ङ) देखो बाहर कोई खड़ा है।

च) दूध में कुछ पड़ा हुआ है।

---

३ नीचे लिखे शब्दों में से उचित विलोम शब्द चुनकर उस पर गोला लगाओ -

क) विशाल – बड़ा, लघु, ऊँचा

ख) जीत – पराजय, हार, विजय

ग) डरपोक – कायर, वीर, साहसी

घ) प्रसन्न – खुश, अप्रसन्न, दुखी

ङ) शुरू – अंत, आरंभ, खत्म

च) स्वामी – नौकर, सेवक, मालिक

---

४. उचित पर्यायवाची शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए।

क) शत्रु = ------- (दोस्त, वैरी, मनुष्य, मित्र)

ख) इच्छा = ------- (वनिता, व्यथा, कामना, लोभ)

ग) बगीचा = ------- (वन, कानन, उपवन, अरण्य)

घ) सूर्य = ------- (दिवाकर, राकेश, सलिल, राजीव)

ङ) राजा = ------- (गरीब, कंगाल, नृप, सर्प)

च) संसार = ------- (भँवरा, विश्व, सवेरा, प्रातः)

छ) आँख = ------- (पानी, नीर, सलिल, नेत्र)

रायन इंटरनेशनल स्कूल लुधियाना

सत्र : २०१४ - २०१५

कार्यपत्र

विषय: हिंदी

नाम : --------  ग्रेड :

अनुक्रमांक : ----  तिथि :

कक्षा : चौथी ----

१. नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो-

एक बार नेहरू जी रूस की यात्रा पर गए। वहाँ उनका बड़ा शानदार स्वागत हुआ। रूस के किसी गाँव का एक बच्चा भी उन्हें देखने आया। पहरेदारों ने उसे अंदर नहीं जाने दिया। बच्चा निराश होकर रोते-रोते वहीं बैठ गया। कुछ देर बाद नेहरू जी बाहर आए और बच्चे को रोता हुआ देखकर प्यार से पूछा, "तुम क्यों रो रहे हो?" बच्चे ने उत्तर दिया, "मैं एक गरीब लड़का हूँ और दूर के एक गाँव से नेहरू जी को देखने आया हूँ।" नेहरू जी ने बच्चे को गले से लगा दिया।

प्र.क) नेहरू जी किस देश की यात्रा करने गए थे?

उ. ----------------

प्र.ख) बच्चे को किस ने अंदर नहीं जाने दिया?

उ. ----------------

प्र.ग) बच्चे की बात सुनकर नेहरू जी ने क्या किया?

उ. ----------------

प्र.घ) 'निर्धन' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखो-

उ. ----------------

प्र.ङ) 'शहर' का विलोम शब्द लिखो -

उ. ----------------

# हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर

नीचे लिखे संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए:-

राष्ट्रीय पक्षी, कलगी, चोंच पतली और लंबी, पंख सजावट के काम, नाचना, सुंदर नृत्य, कीड़े मकोड़े खाकर फसल बचाना, पंख सजावट के काम, अपमान नहीं करना

रेखांकित शब्दों के विलोम शब्दों द्वारा खाली स्थान भरिए -

क) युद्ध में पांडवों की विजय और कौरवों की ---- हुई।

ख) परतंत्रता की चुपड़ी रोटी से ------- की सूखी रोटी भली।

ग) उमेश ने अपने पुराने कपड़े देकर ----- कपड़े खरीद लिए।

घ) स्वर्ग में देवता रहते है और ---- में दानव रहते हैं

ड.) विदेश जाने की बजाए हमें ----- में रहकर ही नाम कमाना चाहिए।

३. पर्यायवाची शब्दों के उचित जोड़े बनाइए -

| | | |
|---|---|---|
| क) | बादल | राकेश |
| ख) | चाँद | कगार |
| ग) | सूर्य | सवेरा |
| घ) | किनारा | समीर |
| ड.) | सुबह | दिवाकर |
| च) | वायु | जलधर |

४. उचित शब्द द्वारा खाली स्थान भरो -

क) मदन ने समीर को ---- की एक बात बताई। (राज / राज़)

ख) आज कक्षा चौथी का ---- आने वाला है। (परिमाण / परिणाम)

ग) अध्यापिका कक्षा की ---- जा रही हैं। (ओर / और)

घ) यात्री रेल के डिब्बे में ----- रख रहे हैं। (सामान / सम्मान)

ड.) मुझे कहानी की पुस्तक पढ़ने का ---- है। (शोक / शौक)